

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड स्टेज वन में ही है फिर भी बरती जा रही सावधानीः मुख्यमंत्री

**संवाददाता** देहरादून। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद्र अग्रवाल, सहकारिता व उच्च शिक्षा राज्य मंत्री डॉ धनसिंह रावत व अन्य जनप्रतिनिधिगण ने राज्य में कोरोना वायरस के संक्रमण की वर्तमान स्थिति और प्रदेशवासियों को इसके प्रभाव से बचाने के लिए उठाए गए कदमों पर विचार विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थिति का लगातार जायजा लिया जा रहा है और हर आवश्यक उपाय किया जा रहा है। अभी उत्तराखंड स्टेज वन में ही है फिर भी हर तरह की सावधानी बरती जा रही है। आगे के लिए किसी भी स्थिति के लिए पूरी योजना तैयार है।

### 75 दिहाड़ी मजदूरों के लिए राशन पहुंचाया

**संवाददाता** देहरादून। गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा आढ़त बाजार की प्रबंधक कमेटी ने करीब 75 दिहाड़ी मजदूरों के लिए राशन पहुंचाया। यहां कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के कारण लॉकडाउन होने से दिहाड़ी मजदूर बेरोजगार होने के कारण परिवार का पोषण न कर पाने के कगार पर हैं इस संकट की घड़ी में प्रबंधक कमेटी ने निर्णय लिया है कि ऐसे मजदूरों को राशन पहुंचाया जाये। इस अवसर पर चुक्खूवाला मौहल्ला, श्री गुरूनानक ब्वॉयज इंटर कालेज के पास ऐसे काफी संख्या में मजदूर रह रहे है जिन्हें आटा, दाल, चीनी, नमक, चायपत्ती, आदि प्रदान की गई, जिसके लिए उन्होंने गुरूद्वारा श्री गुरु सिंह सभा का धन्यवाद किया।

### मेयर से वार्ड 33 में कीटनाशक के छिड़काव की मांग

**संवाददाता** देहरादून। यमुना कॉलोनी से भाजपा के पूर्व पार्षद सचिन गुप्ता ने देहरादून के मेयर सुनील उनियाल गामा को पत्र भेजकर अपने वार्ड 33 यमुना कॉलोनी का हाल बताया और यहां पर विशेष रूप से कार्यवाही किये जाने की मांग की है। यहां जारी एक बयान में पूर्व पार्षद सचिन गुप्ता ने बताया कि इस वार्ड में कोरोना वायरस से बचाव के लिए बड़ी मशीन द्वारा कोरोना रोकथाम हेतु सैनिटाईजर कीटनाशक दवा के छिड़काव किया जाए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वार्ड 33 यमुना कॉलोनी मे कोरोना के लेकर स्थानीय पार्षद सुमित्रा ध्यानी गंभीर नही हैं जिस कारण आम जन के मन में कोरोना वाइरस बीमारी को लेकर भय बना हुआ हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस जैसे गंभीर वायरस की रोकथाम के लिए बड़ी मशीन से सैनिटाईजर का छिड़काव कराना अति आवश्यक है।

## उत्तराखंड में मौसम ने ली करवट सुबह बादल

**संवाददाता** देहरादून। मौसम को लेकर जैसी संभावना जताई जा रही थी, शुक्रवार को वैसा ही हुआ। सुबह के समय बादल छाए रहे तो दोपहर में हल्की बूंदाबांदी हुई। गुरुवार को हल्द्वानी का अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस था, जबकि शुक्रवार के तापमान में एक से दो डिग्री कमी आने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को कुमाऊं मंडल के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना थी। हल्द्वानी में सुबह के समय हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में प्रति चक्रवात बनने की वजह से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए हुए हैं। बारिश भी इसी वजह से हो रही है। हवा का रुख उत्तर पश्चिम में है। उत्तराखंड राज्य मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि शुक्रवार को उत्तराखंड के अधिकांश स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। बागेश्वर, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश भी हो सकती है। पर्वतीय क्षेत्रों में ओलावृष्टि या आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। जबकि ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, पौड़ी हरिद्वार और देहरादून जिलों में कहीं–कहीं 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से अंधड़ चल सकती है। इसे देखते हुए सरकारी अधिकारियों को आवश्यक एहतियात बरतने की सलाह दी गई है।

# दोपहर तक आवश्यक सेवाओं का लोगों ने उठाया लाभ

**लॉकडाउन**

**विभिन्न स्थानों पर सामाजिक दूरी दूसरे दिन भी बनाई गई**

**दोपहर बाद फिर पसरा सड़कों पर सन्नाटा**

**संवाददाता**

देहरादून। विश्वभर में फैले कोरोना वायरस के बचाव को लेकर किये गये उत्तराखंड लॉकडाउन के चलते शुक्रवार को राजधानी के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक दूरी दूसरे दिन भी बनाई गई और बैंकों, एटीएमों, पेट्रोल पम्पों, मेडिकल स्टोरों, गैस सर्विस सेंटरों में सामाजिक दूरियां दिखाई दी। उपभोक्ताओं के बीच एक मीटर की दूरी निर्धारित की गई थी। वहीं इसके बावजूद भी कई स्थानों पर लोगों द्वारा सामाजिक दूरी का उल्लंघन किया गया।

शुक्रवार सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक की छूट के चलते लोगों को जरूरी सामान लेने के लिए सड़कों पर हर रोज की भांति आये और अपना जरूरी सामान लेकर अपने घर वापस लौट गये। वहीं दूसरी ओर धर्मपुर सब्जी मंडी, नेहरू



कॉलोनी सब्जी मंडी में लोगों की काफी भीड़ देखी गई। दोपहर बाद सभी प्रमुख चौराहों पर पूर्ण रूप से बैरीकेडिंग लगाकर लॉकडाउन कर दिया। वहीं अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने वालों को पुलिस ने पाठ भी पढाया और वापस घर भेज दिया। आसपास के क्षेत्रों में सड़कों पर वाहनों का आवागमन होता रहा तथा प्रमुख बाजार पूरी तरह से बंद रहे। इस दौरान गली मौहल्लों में आवश्यक वस्तुओं की दुकानें खुली रही और लोगों अपनी जरूरत का सामान भी खरीदा। दोपहर बाद राजधानी व आसपास के क्षेत्रों में पुलिस के वाहनों से खाद्य सामाग्रियों की आपूर्ति की जायेगी, जिससे लोगों को राहत मिल सके। दोपहर दो बजे से चार बजे तक खाद्य पदार्थों की होलसेल की दुकानों को खोला जायेगा।

इस बीच धर्मपुर स्थित सब्जी मंडी, नेहरु कालोनी सब्जी मंडी, मोहकमपुर, हर्रावाला, बालावाला, तुनवाला, नैशविला रोड, छह नंबर पुलिस, नेहरू कालोनी, अंबीवाला गुरूद्वारा, हरिद्वार रोड, प्रेमनगर, पंडितवाडी, राजपुर रोड, दर्शनी गेट, गढ़ी कैंट, बल्लूपुर चौक, बल्लीवाला चौक, जीएमएस रोड, प्रेमनगर, सहारनपुर रोड, पटेलनगर, चकराता रोड, तिलक रोड, रेसकोर्स, त्यागी रोड, हाथीबड़कला, गढ़ी कैंट, डाकरा, चुक्खुवाला, इंदिरा कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं की दुकानें खुलते ही लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। लोगों ने अपनी आवश्यकता के अनुसार सामान की खरीददारी की और दोपहर एक बजे तक सभी दुकानें व बैंक बंद हो गये। दोपहर एक बजे बाद शहर व आसपास के क्षेत्र पूरी तरह से लॉकडाउन हो गया।

# बेसहारा लोगों के लिए सहारा बने रितेश

**सराहनीय**

■ 200 बेसहारा को प्रतिदिन दो समय का भोजन उपलब्ध करने की व्यवस्था की

ऋषिकेश। **संवाददाता**

कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए किए गए लॉकडाउन के बीच पुलिस की जिम्मेदारी बढ़ गई है। कुछ लोग ऐसे हैं कि जो कानून व्यवस्था के साथ जरूरतमंदों की भी पीड़ा समझ रहे हैं और इस महामारी से बचाव के लिए राहत भी बांट रहे हैं। ऋषिकेश कोतवाली के इंस्पेक्टर रितेश शाह ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। वे इस संकट के दौर में 19 घंटे काम कर अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे है।

कोतवाली ऋषिकेश में पांच पुलिस चौकी शामिल है। उप निरीक्षक और सिपाही जोड़कर 102 लोगों का स्टाफ है। सभी लोगों के लिए कोरोना वायरस से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था चाहे मास्क हो चाहे सैनिटाइजर सब कुछ इस परिवार के मुखिया प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह ने अपने ऊपर ली है। स्टाफ सहित अन्य लोगों का अब तक चार हजार मास्क यह उपलब्ध करा चुके हैं। कोशिश यही है कि लॉकडाउन के समय ऋषिकेश के बेसहारा लोगों को भूखा न सोना पड़े। इसके लिए प्रभारी निरीक्षक ने विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से त्रिवेणी घाट में रहने वाले 200 बेसहारा लोगों को प्रतिदिन दो समय का भोजन उपलब्ध करने की व्यवस्था बनाई है।

इन सभी लोगों को मास्क देकर उन्हें परिसर में ही रहने की अपील की गई है। सड़क किनारे लोहा कूटकर जीवन बसर करने वाले खानाबदोश परिवारों के लिए भी उन्होंने ऐसी ही व्यवस्था की है। सीनियर सिटीजन और बीमार लोगों के लिए अलग टीम बनाई है। पुलिस प्रशासन की ओर से होम डिलीवरी संबंधी गाइड लाइन अपनी जगह काम करेगी।

**सोशल मीडिया पर नजर सोशल मीडिया पर**

कोई समाचार या पोस्ट माहौल ना बिगड़े या फिर लोग भयभीत ना हो इसके लिए प्रभारी निरीक्षक ने दो लोगों की विशेष ड्यूटी लगाई है। स्वयं भी इस पर नजर रखते हैं। क्षेत्र के विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप और सोशल मीडिया के माध्यम से वह कोरोना वायरस के प्रति समाज को जगाने के काम तो कर ही रहे हैं।

## स्वास्थ्य विभाग के हितों के प्रति भी सजग होने की जरूरत

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय समानता मंच के राष्ट्रीय महासचिव इंजीनियर विनोद नौटियाल ने कहा है कि इस समय भारत सहित पूरा विश्व कोरोना वायरस की महामारी से लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिसमें विभिन्न राजकीय विभागों के साथ–साथ स्वास्थ्य विभाग बहुत ही अहम जिम्मेदारी के साथ अपनी जान को खतरे में डालकर दिन रात लोगों की जान बचाने के लिए काम कर रहा है उनके हितों के लिए सजग होने की आवश्यकता है।

यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि यदि हम में से किसी एक को कहा जाए कि हॉस्पिटल में एक कोरोना संक्रमित मरीज के पास आपको 24 घंटे उसकी सेवा में रहना है तो हममें से कितने लोग इसके लिए तैयार होंगे। इस पर हमें जरूर सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टाफ इस समय अस्पतालों में ऐसे मरीजों की सेवा में लगा हुआ है, उन सबके भी अपने परिवार हैं, उनके भी बच्चे हैं उनके घर में भी बुजुर्ग हैं।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।